भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2274**
उत्तर देने की तारीख 20 दिसम्बर, 2022
29 अग्रहायण 1944 (शक)

## छिपी खेल प्रतिभाएं

**2274. श्रीमती अपरूपा पोद्दार:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान महत्वाकांक्षी खिलाडियों को शिक्षा, वित्त, कोचिंग, प्रशिक्षण आदि के संदर्भ में दी गई सहायता का खेल और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान भारतीय खिलाड़ियों को विकसित होने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के अवसर प्रदान करने हेतु सृजित अवसंरचना का खेल और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान देश में आयोजित अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों और इन आयोजनों में भारतीय टीमों की उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा विकसित करने के लिए पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं/ उठाए जा रहे हैं ?

**उत्तर**
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों को शिक्षा, वित्त, कोचिंग, प्रशिक्षण आदि के संदर्भ में दी जाने वाली सहायता सहित खेलों के संवर्धन की जिम्मेदारी राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों की होती है। केंद्र सरकार देश भर में निम्नलिखित खेल संवर्धन स्कीमों के माध्यम से सहायता प्रदान करके राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के प्रयासों की पूर्ति करती है:

(i) खेलो इंडिया स्कीम; (ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता; (iii) अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के विजेताओं और उनके कोचों को विशेष पुरस्कार; (iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार; (v) मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन; (vi) पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय खेल कल्याण कोष; (vii) राष्ट्रीय खेल विकास निधि; और (viii) भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन ।

इसके अतिरिक्त, इस मंत्रालय में धनराशि स्कीम-वार आवंटित की जाती है जिससे सभी एथलीटों की आवश्यकताओं की पूर्ति की जाती है। इस मंत्रालय द्वारा पिछले पांच वर्षों के दौरान विभिन्न खेल संवर्धन स्कीमों के तहत खेलों के विकास के लिए आवंटित धनराशि का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान भारतीय खिलाड़ियों को विकसित होने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के अवसर प्रदान करने के लिए संस्वीकृत अवसंरचना परियोजनाओं का खेल और वर्ष-वार विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान देश में आयोजित अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों और इन आयोजनों में भारतीय टीमों की उपलब्धियों का विवरण **अनुबंध-III** में दिया गया है।

(घ) खेलो इंडिया स्कीम के "खेल प्रतियोगिता और प्रतिभा विकास" घटक के तहत, एथलीटों को खेलो इंडिया गेम्स, राष्ट्रीय चैंपियनशिप/ ओपन सेलेक्शन ट्रायल में उनके प्रदर्शन के आधार पर खेलो इंडिया एथलीट (केआईए) के रूप में चुना जाता है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय खेल प्रतिभा पहचान पोर्टल के माध्यम से, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) प्राथमिकता वाली उन खेल विधाओं जिनमें देश क्षमता/ लाभ की स्थिति में है, में प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान के लिए एक प्लेटफार्म प्रदान करता है। अभिज्ञात एथलीटों को विकसित होने और राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण सुविधाओं में अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में पोषित किया जाता है।

****

अनुबंध-I

**छिपी खेल प्रतिभाओं के संबंध में श्रीमती अपरूपा पोद्दार, माननीय संसद सदस्य, लोक सभा द्वारा दिनांक 20.12.2022 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2274 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

विभिन्न खेल संवर्धन स्कीमों के अन्तर्गत आवंटित धनराशि

**(करोड़ रु.)**

| वित्त वर्ष | आवंटित धनराशि |
|---|---|
| 2017-18 | 23.95 |
| 2018-19 | 21.58 |
| 2019-20 | 33.69 |
| 2020-21 | 33.94 |
| 2021-22 | 29.27 |

अनुबंध-।।

छिपी खेल प्रतिभाओं के संबंध में श्रीमती अपरूपा पोद्दार, माननीय संसद सदस्य, लोक सभा द्वारा दिनांक 20.12.2022 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2274 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

<u>पिछले पांच वर्षों के दौरान भारतीय खिलाड़ियों को विकसित होने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के अवसर प्रदान करने के लिए संस्वीकृत अवसंरचना परियोजनाओं का खेल और वर्ष-वार विवरण</u>

| वित्त वर्ष | एथलेटिक ट्रैक | फुटबॉल मैदान | हॉकी का मैदान | बहुउद्देशीय हॉल | स्विमिंग पूल | अन्य खेल अवसंरचना | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2017-18 | 17 | 3 | 8 | 24 | 2 | 14 | **68** |
| 2018-19 | 3 | 2 | 2 | 29 | 2 | 25 | **63** |
| 2019-20 | 3 | 2 | 4 | 5 | - | 16 | **30** |
| 2020-21 | 14 | 9 | 4 | 34 | 6 | 28 | **95** |
| 2021-22 | 7 | 1 | 3 | 8 | 2 | 13 | **34** |
| कुल | 44 | 17 | 21 | 100 | 12 | 96 | **290** |

अनुबंध-III

**छिपी खेल प्रतिभाओं के संबंध में श्रीमती अपरूपा पोद्दार, माननीय संसद सदस्य, लोक सभा द्वारा दिनांक 20.12.2022 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2274 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**वित्त वर्ष 2017-18 में भारत में आयोजित अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाएं**

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | याटिंग - इंडिया इंटरनेशनल रेगाटा | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2. | इंडियन ओपन वर्ल्ड रैंकिंग स्नूकर टूर्नामेंट | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3. | तृतीय दक्षिण एशिया एकीकृत क्रिकेट टूर्नामेंट | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 4. | अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (एआईबीए) युवा महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप | 5 | 0 | 2 | 7 |
| 5. | अंतरराष्ट्रीय टेनिस परिसंघ (आईटीएफ) जूनियर्स | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6. | विश्व युवा अंडर-16 शतरंज ओलंपियाड | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7. | हीरो इंडियन ओपन गोल्फ चैंपियनशिप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8. | अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल परिसंघ (एफआईबीए) महिला एशिया कप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9. | एफआईबीए अंडर-16 महिला एशियाई चैम्पियनशिप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10. | एफआईबीए बास्केटबॉल वर्ल्ड क्वालिफायर (होम गेम के लिए) | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11. | एसोसिएशन ऑफ टेनिस प्रोफेशनल (एटीपी) चैलेंजर सीरीज | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 12. | इक्वेस्ट्रियन- वर्ल्ड जंपिंग फी जेडब्ल्यूसी (साउथ) | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13. | टाटा ओपन इंटरनेशनल चैलेंज | 1 | 2 | 0 | 3 |
| 14. | 10 वां **मुंबई मेयर** कप इंटरनेशनल ओपन शतरंज टूर्नामेंट | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15. | एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप | 12 | 5 | 12 | 29 |
| 16. | पुरुषों की हॉकी विश्व लीग फाइनल | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 17. | शतरंज - 10 वीं ओडिशा ओपन चैंपियनशिप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18. | स्क्वैश -19वीं एशियाई व्यक्तिगत चैंपियनशिप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19. | अंतरराष्ट्रीय सेपक टकरा फेडरेशन (आईएसटीएफ) विश्व कप | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 20. | 20 वीं एशियन मेन्स क्लब लीग हैंडबाल | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 21. | सैयद मोदी ग्रांड प्री | 3 | 3 | 0 | 6 |
| 22. | घुड़सवारी - इवेंटिंग सीसीआई 1* | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 23. | एशियाई **बिलियर्ड** खेल परिसंघ (एसीबीएस)- 18वीं एशियाई अंडर 21 स्नूकर, 16वीं एशियाई बिलियर्ड्स और पहली महिला एशियाई स्नूकर चैंपियनशिप | 1 | 1 | 4 | 6 |
| 24. | **इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन ( आईएसएसएफ** ) वर्ल्ड कप फाइनल | 1 | 1 | 1 | 3 |
| 25. | पहला इंडिया ओपन बॉक्सिंग टूर्नामेंट | 8 | 10 | 22 | 40 |
| 26. | इंडिया ओपन सुपर सीरीज (बैडमिंटन) | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 27. | सीनियर एशियन फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन स्टाइल और महिला कुश्ती चैंपियनशिप | 1 | 5 | 4 | 10 |
| 28. | राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 29. | 16 वीं दिल्ली शतरंज ओपन चैंपियनशिप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 30. | ट्रैक एशिया कप, इंटरनेशनल साइक्लिंग इवेंट | 7 | 9 | 5 | 21 |
| 31. | इंटरनेशनल फुटबॉल फेडरेशन (फीफा) अंडर-17 बॉयज वर्ल्ड कप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 32. | आईटीएफ जूनियर्स इवेंट्स | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 33. | अश्वारोही - विश्व ड्रेसेज फी डीडब्ल्यू (उत्तर) | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 34. | घुड़सवारी - इवेंटिंग सीआईसी1 * | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | कुल | 41 | 42 | 56 | 139 |

## वित्त वर्ष 2018-19 में भारत में आयोजित अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाएं

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आईटीएफ जूनियर्स इवेंट्स | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2. | ब्रिज - तीसरा एशिया कप | 1 | 1 | 4 | 6 |
| 3. | हीरो इंडियन ओपन गोल्फ चैंपियनशिप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4. | एफआईबीए अंडर 18 महिला एशियाई चैम्पियनशिप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5. | इंडियन ओपन वर्ल्ड रैंकिंग स्नूकर टूर्नामेंट 2019 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6. | कयाकिंग और कैनोइंग - ओपन इंटरनेशनल कैनो स्प्रिंट चैम्पियनशिप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7. | टाटा इंडिया ओपन इंटरनेशनल चैलेंज (बैडमिंटन) | 3 | 2 | 0 | 5 |
| 8. | 11वां मुंबई मेयर कप इंटरनेशनल ओपन शतरंज टूर्नामेंट | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9. | ओडिशा हॉकी मेन्स वर्ल्ड कप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10. | शतरंज – 11 वीं उड़ीसा शतरंज ओपन चैम्पियनशिप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11. | कॉमनवेल्थ जूडो चैंपियनशिप | 62 | 53 | 3 | 118 |
| 12. | यॉटिंग - इंडिया इंटरनेशनल रेगाटा | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13. | 11 वां चेन्नई ओपन शतरंज | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 14. | वर्ल्ड स्क्वैश फेडरेशन (डब्ल्यूएसएफ) व्यक्तिगत और महिला टीम चैम्पियनशिप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15. | हैदराबाद ओपन एचएसबीसी -100 (बैडमिंटन) | 2 | 1 | 0 | 3 |
| 16. | सैयद मोदी इंटरनेशनल एचएसबीसी डब्ल्यूटीएस-300 (बैडमिंटन) | 1 | 3 | 0 | 4 |
| 17. | 5वीं दक्षिण एशियाई महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 18. | आईटीएफ जूनियर चैंपियनशिप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19. | एआईबीए एलीट महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप | 1 | 1 | 2 | 4 |
| 20. | आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल | 3 | 0 | 0 | 3 |
| 21. | इंडिया ओपन सुपर सीरीज (बैडमिंटन) | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 22. | जूनियर एशियन फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन स्टाइल और महिला कुश्ती चैंपियनशिप | 3 | 7 | 8 | 18 |
| 23. | शतरंज- राष्ट्रमंडल | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 24. | शतरंज-17वां दिल्ली ओपन | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 25. | ट्रैक एशिया कप, इंटरनेशनल साइक्लिंग इवेंट | 3 | 5 | 4 | 12 |
| 26. | पहली दक्षिण एशियाई नेटबॉल लड़की प्रतियोगिता | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **कुल** | 80 | 74 | 21 | 175 |

# वित्त वर्ष 2019-20 में भारत में आयोजित अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाएं

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दूसरा इंडिया ओपन बॉक्सिंग टूर्नामेंट | 1 1 | 18 | 24 | 53 |
| 2. | तीसरी अंतरराष्ट्रीय रेसवॉक चैंपियनशिप | 5 | 5 | 5 | 15 |
| 3. | 10वीं एशियन एज ग्रुप स्विमिंग चैंपियनशिप | 15 | 19 | 18 | 52 |
| 4. | लेवल वन टीमों के लिए महिला एशिया कप। | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5. | आईटीएफ महिला $ 25 के | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6. | टाटा इंडिया ओपन 2019 इंटरनेशनल चैलेंज (बैडमिंटन) | 1 | 2 | 0 | 3 |
| 7. | शतरंज - विश्व युवा शतरंज चैम्पियनशिप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8. | फुटबॉल - ट्राई नेशन सीरीज | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9. | टेनिस - आईटीएफ जूनियर्स | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10. | 21वीं कॉमनवेल्थ टेबल टेनिस चैंपियनशिप | 7 | 4 | 4 | 15 |
| 11. | हॉकी-एफआईएच मेन्स सीरीज़ फ़ाइनल भुवनेश्वर ओडिशा 2019 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 12. | एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर ओडिशा (पुरुष और महिला) | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 13. | कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) इंटरनेशनल ओपन चेस चैंपियनशिप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 14. | स्क्वैश- भारत में पीएसए टूर्नामेंट - एसआरएफआई इंडियन टूर - जयपुर लेग | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15. | 8वीं एशियाई महिला युवा हैंडबॉल चैंपियनशिप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 16. | 12वां चेन्नई ओपन शतरंज | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 17. | हैदराबाद ओपन 2019 डब्ल्यूटीएस - 100 (बैडमिंटन) | 1 | 1 | 0 | 2 |
| 18. | सैयद मोदी इंटरनेशनल डब्ल्यूटीएस - 300 (बैडमिंटन) | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 19. | आईटीएफ जूनियर चैंपियनशिप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20. | आईटीएफ पुरुष $ 15 के चैम्पियनशिप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 21. | राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 22. | इंडिया ओपन सुपर सीरीज (बैडमिंटन) | 0 | 1 | 0 | 1 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 23. | शतरंज - विश्व जूनियर | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 24. | 18 वीं दिल्ली चेस ओपन चैंपियनशिप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 25. | ट्रैक एशिया कप, इंटरनेशनल साइक्लिंग इवेंट | 1 1 | 6 | 6 | 23 |
| | **कुल** | **53** | **57** | **57** | **167** |

## वित्त वर्ष 2020-21 में भारत में आयोजित अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाएं

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आईटीएफ जूनियर चैंपियनशिप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | 4 वीं अंतरराष्ट्रीय रेसवॉक चैंपियनशिप | 6 | 6 | 6 | 18 |
| 3 | भारत में स्क्वैश -पीएसए टूर्नामेंट - एसआरएफआई इंडियन टूर - चेन्नई लेग | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | आईएसएसएफ विश्व कप | 15 | 9 | 6 | 30 |
| 5 | सीनियर एशियन फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन स्टाइल और महिला कुश्ती चैंपियनशिप नई दिल्ली में आयोजित | 5 | 6 | 9 | 20 |
| | **कुल** | **26** | **21** | **21** | **68** |

## वित्त वर्ष 2021-22 में भारत में आयोजित अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाएं

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आईटीएफ मेन्स 15 के | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | आईटीएफ मेन्स 15 के | 1 | 1 | 0 | 2 |
| 3 | आईटीएफ जूनियर चैंपियनशिप | 1 | 1 | 0 | 2 |
| 4 | आईटीएफ जूनियर चैंपियनशिप (जी-4) | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **कुल** | **3** | **2** | **0** | **5** |

*****